**निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 5
टेली -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495

## प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 74वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**पुणे 15 अगस्त, 2020 :** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने 15.08.2020 को अपने प्रधान कार्यालय में 74वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने राष्ट्रध्वज फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यपालक निदेशक श्री हेमन्त टम्टा भी उपस्थित थे।

श्री ए. एस. राजीव ने इस अवसर पर उपस्थित बैंक के शीर्ष कार्यपालकों, अधिकारियों, सुरक्षा गार्डों आदि को संबोधित किया। श्री राजीव ने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने समाज को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और बैंक आम आदमी का पसंदीदा बैंक बने रहने के अपने प्रयासों को जारी रखेगा। उन्होंने बैंक के सभी स्टाफ-सदस्यों से अपील की कि वे बैंक की सेवा के लिए खुद को पुनर्समर्पित करें और सभी मानकों यथा ग्राहक सेवा, ऋण वृद्धि, कासा वृद्धि, एनपीए में कमी आदि में सुधार हेतु हरसंभव प्रयास करें।



**फोटो में (दाएं से बाएं) : श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र**